हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 5 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 वीआईटी यूनिवर्सिटी का 7वां वार्षिक कन्वोकेशन...



07 कलेक्टर ने अधीनस्थों को प्रदान किए आवश्यक...



खबर संक्षेप

सेवा सेतु अभियान के तहत नगरीय निकायों में शिविर आयोजित



सीहोर। नगरीय निकाय सहित जिले के अन्य नगरीय निकायों में सेवा सेतु अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन एवं प्रकरणों का निराकरण किया। शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कराईं। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनका यथासंभव मौके पर ही समाधान किया गया। नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सहजता और सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। अभियान के तहत विभिन्न नगरीय निकायों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए गए। शिविरों में चिकित्सकों द्वारा नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श दिया गया। जरूरतमंद नागरिकों को निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इससे नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध हुई।

नेत्र परामर्श शिविर 6 अक्टूबर को

सीहोर। सेवा संकल्प, सेवा मेरा योगदान अभियान अंतर्गत जिला चिकित्सालय मे में नेत्र परामर्श शिविर का आयोजन 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से नेत्र रोग ओपीडी कमरा 204 ब्लॉक-बी में आयोजित किया जाएगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय ने बताया कि शिविर में चिकित्सकीय टीम द्वारा आमजन एवं बुजुर्गो की आंखों की जांच एवं आवश्यक परामर्श किया जाएगा।

फंदा टोल नाके पर एलपीजी से भरे एचपी गैस टैंकर के टायरों में लगी आग, टोल कर्मचारियों की तत्परता से टला बड़ा हदसा

टायरों में घर्षण से लगी थी आग, प्रबंधन के उचित संसाधनों से आग पर पाया काबू

सीहोर। भोपाल-इंदौर मार्ग स्थित फंदा टोल नाके पर रविवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तरल पेट्रोलियम गैस से भरे एक एचपी गैस टैंकर (कैप्सूल) के टायरों में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही कि टोल नाके पर तैनात कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर समय रहते पूरी तरह काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा विस्फोट और जान-माल का भयानक नुकसान होने से बच गया।

घटना रविवार सुबह लगभग 8.30 बजे की है। एचपी कंपनी का एलपीजी गैस से भरा कैप्सूल टैंकर फंदा टोल प्लाजा से गुजर रहा था। इसी दौरान टायरों में अत्यधिक घर्षण के कारण अचानक आग लग गई। देखते ही देखते टैंकर के पिछले हिस्से के टायरों से तेज लपटें और धुएं का गुबार उठने लगा। चूंकि टैंकर के भीतर अत्यधिक ज्वलनशील एलपीजी गैस भरी हुई थी, इसलिए अगर यह आग थोड़ी देर और फैलती तो टैंकर में



भयंकर विस्फोट हो सकता था।

प्लाजा कंट्रोलर और कर्मचारियों ने दिखाया साहस

टोल प्लाजा के कंट्रोलर संतोष राजपूत ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे जैसे ही टैंकर टोल से निकल रहा था, कर्मचारियों की नजर उसके टायरों पर पड़ी। टायरों में आग भड़कते देख बिना एक पल गंवाए टैंकर को तुरंत रुकवाया गया और पूरे टोल अमले को अलर्ट मोड पर लाया गया। सूचना मिलते ही टोल नाके पर मौजूद मनोज केवरिया, राहुल वर्मा, नेपाल सिंह वर्मा, अनुज सोनी, बलराम और अन्य कर्मचारियों ने सूझबूझ का परिचय दिया। टोल प्लाजा पर अग्निशमन और आग बुझाने के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध थे, उनसे तुरंत टैंकर के टायरों पर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। पूरी टीम ने एकजुट होकर मशक्कत के बाद आग को गैस टैंक तक पहुंचने से पहले ही पूरी तरह बुझा दिया।

कोई हताहत नहीं, टैंकर को सुरक्षित रवाना किया : टोल कर्मियों की तत्परता और मौके पर मौजूद संसाधनों के सही उपयोग से आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। आग बुझने के बाद पूरे टैंकर का तकनीकी और सुरक्षात्मक निरीक्षण किया गया। जब यह सुनिश्चित हो गया कि गैस टैंक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और स्थिति पूरी तरह सुरक्षित है, तब टैंकर को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

लगातार घट रही हैं आगजनी की घटनाएं

बता दें जिले में आगजनी का यह कोई पहला मामला नहीं है। बीते शुक्रवार को ही जिले में दो बड़ी आगजनी की घटनाएं सामने आई थीं। शुक्रवार सुबह इछावर में एक नमकीन फैक्ट्री में भीषण आग लग गई थी, जबकि उसी दिन सीहोर जिला मुख्यालय के मंडी क्षेत्र स्थित जूते-चप्पल की थोक दुकान में आग लगने से भारी आर्थिक नुकसान हुआ था। उन दोनों हादसों में भी दमकल टीम की मदद से आग पर काबू पाकर आसपास के रिहायशी इलाकों और दुकानों को जलने से बचाया गया था।

सीहोर तहसील 42.81 इंच बारिश के साथ जिले में सबसे आगे, वहीं जावर, बुधनी, रेहटी पिछड़े

विदा हुआ मानसून, सामान्य से कम बारिश में प्रदेश के पिछड़े 30 जिलों में सीहोर शामिल

हर साल अव्वल रहने वाले बुदनी-रेहटी में भी सुस्त रहे बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश सहित जिले से मानसूनी बादलों ने आधिकारिक रूप से विदाई ले ली है। 24 जून को दस्तक देने के बाद मानसून पूरे 100 दिनों तक सक्रिय रहा और 3 अक्टूबर को प्रदेश से पूरी तरह विदा हो गया। इस मानसूनी सीजन में जिले में बारिश का मिजाज काफी असमान और सुस्त रहा, जिसके परिणामस्वरूप सीहोर जिला प्रदेश के उन 30 जिलों की सूची में शामिल हो गया है जहां बारिश का कोटा अधूरा रह गया है।

बता दें प्रदेश के 25 जिलों ने इस बार अपनी औसत बारिश का कोटा पूरा कर लिया, लेकिन सीहोर सहित 30 जिले ऐसे रहे जहां उम्मीद के मुताबिक बादल नहीं बरसे। सीहोर के अलावा नरसिंहपुर, दमोह, बालाघाट, अशोकनगर सहित अन्य जिले शामिल हैं। ऐसे में अब गर्मी के दिनों में पेयजल संकट के हालात निर्मित होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

तहसीलवार बारिश: सीहोर अव्वल, बुदनी-रेहटी पिछड़े: आमतौर पर हर साल बारिश के मामले में जिले में सबसे आगे रहने वाले बुदनी और रेहटी क्षेत्र इस बार काफी पीछे छूट



गए। भू-अभिलेख विभाग के अनुसार इस सीजन में सीहोर तहसील 42.81 इंच बारिश के साथ जिले में पहले स्थान पर रही, जबकि गत वर्ष 36.46 इंच हुई थी। इसी तरह भैरुंदा में इस वर्ष 37.28 इंच-गत वर्ष 46.65 इंच, रेहटी में 35.52 इंच-गत वर्ष 50.98 इंच, आष्टा में 35.28 इंच-गत वर्ष 34.13 इंच, बुदनी में 32.76 इंच-गत वर्ष 60.17 इंच, इछावर में 31.97 इंच-गत वर्ष 36.11 इंच, श्यामपुर 31.70 इंच-गत वर्ष 36.97 इंच और सबसे कम जावर में इस वर्ष 25.31 इंच, जबकि गत वर्ष 31.50 इंच बारिश हुई थी। इस वर्ष 1 जून से 30 सितंबर तक जिले की कुल औसत बारिश 34.08 इंच दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की औसत बारिश 41.63 इंच की तुलना में काफी कम है।

रीते पड़े कैचमेंट एरिया 66 जलाशयों में से 60 जलाशय अधूरे

बारिश की सुस्ती का सबसे ज्यादा असर जल स्रोतों पर पड़ा है। सिंचाई विभाग के नियंत्रण वाले जिले के कुल 66 जलाशयों में से केवल 6 ही पूरी तरह भर पाए हैंए,जबकि 60 जलाशयों का पेट अब भी खाली है।

बोहनी और पेयजल आपूर्ति पर गहरा सकता है संकट

पर्याप्त बारिश न होने और जलाशयों के खाली रहने से आने वाले समय में जिले पर दोहरा संकट आ सकता है। एक तरफ जल स्तर कम रहने से किसानों की आगामी रबी फसल की बोहनी और सिंचाई पर असर पड़ेगा, वहीं दूसरी ओर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

जलाशयों की स्थिति

भगवानपुराः क्षमता 6.71 एमसीएम - भरा 2.69 एमसीएम
जमोनियाः क्षमता 11.32 एमसीएम - भरा 4.53 एमसीएम
रामपुराः क्षमता 11.83 एमसीएम - भरा 3.60 एमसीएम
दोराहाः क्षमता 15.54 एमसीएम - भरा 11.73 एमसीएम
घोघराः क्षमता 17.43 एमसीएम - भरा 15.59 एमसीएम
कांकड़ाखेड़ाः क्षमता 4.58 एमसीएम - भरा 1.99 एमसीएम
झालपीपलीः क्षमता 1.15 एमसीएम - भरा 0.51 एमसीएम
झरखेड़ाः क्षमता 0.37 एमसीएम - भरा 0.37 एमसीएम पूर्ण
मैना.01: 1.82 एमसीएम और मैना-02: 0.54 एमसीएम खाली

अक्टूबर में मौसम का डबल रोल

मानसून की विदाई के बाद अब मौसम एक नए चरण में प्रवेश कर चुका है। मौसम विभाग के अनुसार अक्टूबर के महीने में मौसम का डबल रोल दिखेगा। दिन में तेज और तीखी धूप खिलेगी, जिससे तापमान बढ़ेगा और पसीने छुड़ाने वाली गर्मी का अहसास होगा। जबकि रात में न्यूनतम तापमान गिरकर 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने की संभावना है, जिससे हल्की गुलाबी ठंडक दस्तक देगी। इसी बीच मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर को जिले के कुछ हिस्सों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

मुक्तिधाम 5 हजार पौधों से बना महकता उपवन, रिटायर्ड कर्मचारी 17 साल से रोज 3-4 घंटे दे रहे समय, आधा एकड़ में गुलाब का बगीचा

सीहोर। मंडी मुक्तिधाम को राठौर परिवार ने एक महकते उपवन में बदल दिया है। हेल्थ डिपार्टमेंट से रिटायर्ड राजेंद्र राठौर ने अपने पुरखों की याद में यहां 5 हजार से ज्यादा पौधे लगाए हैं। एक दशक पहले तक वीरान दिखने वाला यह श्मशान अब फूलों की खुशबू से महक रहा है।

राजेंद्र राठौर पिछले 17 सालों से मुक्तिधाम में हर दिन 3 से 4 घंटे देते हैं। वे पेड़-पौधों की देखभाल करते हैं, उन्हें पानी और खाद देते हैं। उनके माता-पिता को प्रकृति से लगाव था, इसलिए राजेंद्र उनकी स्मृति में लगातार पौधे लगा रहे हैं। परिवार ने मुक्तिधाम के सुधार के लिए 1 लाख रुपए भी दान किए।



20 प्रजाति के फलदार और छायादार पेड़ लगाए : मुक्तिधाम की 10 एकड़ भूमि पर अब अलग-अलग किस्म के पेड़-पौधे लगे हैं। इसमें आधा एकड़ में गुलाब का बगीचा है। आम, जामुन, पपीता, चीकू, नासपाती, सीताफल, बेल सहित 20 प्रजाति के फलदार और छायादार पेड़ हैं। गुलाब, चंपा, रातरानी, चमेली, मधुकामनी, गुलमोहर जैसे खुशबूदार पौधे भी हैं। दान से कुर्सियां, दो मंदिर, लकड़ी गोदाम, मुंडन कक्ष, पानी की टंकियां और वाटर कूलर जैसी सुविधाएं भी बनी हैं। नगरपालिका और सामाजिक संस्थाओं ने भी सहयोग किया है।

खलिहान में रखी 4 एकड़ सोयाबीन जलकर राख, मामला किया दर्ज

कटाई के बाद फसल घर ले जाने की तैयारी में था किसान

इछावर। क्षेत्र के वीरान गांव देवनखेड़ी में खलिहान में रखी सोयाबीन की फसल में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। आग से किसान की करीब 4 एकड़ की सोयाबीन की पूरी उपज जलकर नष्ट हो गई। किसान ने फसल की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई है।

पुलिस के अनुसार शाहपुर निवासी गुलाब सिंह ने इछावर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। गुलाब सिंह ने बताया कि उसके पिता देवी सिंह के नाम ग्राम देवनखेड़ी में करीब 4 एकड़ कृषि भूमि है। इसी जमीन पर सोयाबीन की फसल बोई थी। 2 अक्टूबर को उसने फसल की कटाई की। उपज को खलिहान में रख दिया। फसल घर ले जाने की तैयारी थी। इसी बीच घटना हो गई।



पूरी फसल जली मिली : 3 अक्टूबर की सुबह गुलाब सिंह सोयाबीन निकालने खलिहान पहुंचा। वहां पूरी फसल जली मिली। सोयाबीन जलकर राख हो चुकी थी। किसान ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फसल में आग लगाई। शनिवार को घटना के बाद गुलाब सिंह ने थाने में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। आग लगाने के कारण, आरोपी की पहचान को लेकर जांच शुरू कर दी है।

एशियन गेम्स में भारत के स्वर्ण पदक जीतने पर खिलाड़ियों ने मनाया जश्न

मिनी हॉकी स्टेडियम बनेगा, दादा भाई शिवलाल चौहान मैदान में फिर लहराएगी हॉकी : विकास प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एशियन गेम्स 2026 में भारतीय हॉकी टीम द्वारा स्वर्ण पदक जीतने की खुशी में शनिवार को सीहोर के खिलाड़ियों, खेल संघ एवं सीवन पुत्र टीम द्वारा जोरदार जश्न मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सीहोर के अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने बाल विहार मैदान का नाम 'दादा भाई शिवलाल चौहान मैदान किए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने कहा कि एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है। सीहोर की भी खेलों में गौरवशाली परंपरा रही है। हमारा प्रयास रहेगा कि शहर में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और खेल मैदान उपलब्ध हों, ताकि सीहोर से भी ऐसे खिलाड़ी निकलें जो राष्ट्रीय एवं



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जिले और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने मैदान के विकास की दिशा में मिनी हॉकी स्टेडियम विकसित किए जाने की बात भी कही। खेल प्रमोटर प्रदीप चावड़ा ने कहा कि सीहोर में हमेशा से खेलों का बेहतर माहौल रहा है। यहां से हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, कुश्ती, टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेलों में अनेक प्रतिभाएं सामने आई हैं, जिन्होंने प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। कुश्ती के स्वर्ण पदक विजेता राजाराम कसौटिया ने कहा कि बाल विहार मैदान, जिसे अब दादा भाई शिवलाल चौहान मैदान के नाम से जाना जाएगा, ने वर्षों से अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार किया है। आज भी यहां हॉकी सहित विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ी पूरी लगन के साथ अभ्यास कर रहे हैं।

खेल अधिकारी अताउल्ला खान ने बताया कि इस मैदान से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में अब्दुल लतीफ, मोहम्मद दाऊद, राजेंद्र सिंह बंता, कपिल परमार, नितिन शर्मा, विजेंद्र वर्मा, सुयश कन्नौजिया, मोहन पाराशर और मुनीश अंसारी सहित अनेक नाम शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने देश-विदेश में अपने खेल से सीहोर का गौरव बढ़ाया है। फुटबॉल कोच मनोज कन्नौजिया ने कहा कि सीहोर में केवल फुटबॉल ही नहीं, बल्कि सभी खेलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। वहीं हॉकी खिलाड़ी डॉ. अनीस खान ने खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

पुरानी रंजिश और कब्जे के लगाए आरोप

रोला गांव में जमीनी विवाद में लाठी-डंडों से किया हमला, महिला गंभीर घायल



सीहोर। जिले के रोला गांव में जमीन विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों में मारपीट हुई। हमलावरों ने लाठी-डंडों से अचानक हमला कर दिया, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

पीड़ित परिवार के अनुसार, बिजोरी गांव के कुछ ग्रामीणों ने पुरानी रंजिश और जमीन पर कब्जे के इरादे से उन पर हमला किया। परिवार कुछ समझ पाता, इससे पहले ही मारपीट शुरू हो गई। बीच-बचाव करने आई महिला को भी गंभीर चोटें आईं।

पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

परिवार ने पुलिस पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनकी शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की लापरवाही से आरोपियों के हौसले बढ़े और उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। घायल महिला का इलाज जारी है। इधर, पुलिस का कहना है कि सूचना मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

खबर संक्षेप

आज खेला जाएगा सिलेक्शन मैच

सीहोर। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली अंतरजिला स्तरीय अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन की चयन प्रक्रिया अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। बीएसआई मैदान पर जिलेभर से बड़ी संख्या में युवा क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया। पंजीयन प्रक्रिया में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसके बाद ट्रायल और अभ्यास सत्र के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन किया जा रहा है। रविवार को चयन प्रक्रिया के दूसरे चरण में चयनित 30 खिलाड़ियों को दो टीमों रेड टीम और ब्लू टीम में विभाजित कर 40-40 ओवर का अभ्यास मैच कराया गया। खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अब सोमवार सुबह 9:30 बजे 50-50 ओवर का सिलेक्शन मैच खेला जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी पुनित चतुर्वेदी पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके बाद प्रदर्शन के आधार पर मंगलवार को अंडर-15 जिला टीम के गठन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा गत शुक्रवार से बीएसआई मैदान पर अंडर-15 चयन के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई थी। सुबह से ही मैदान पर जिलेभर के खिलाड़ियों की भीड़ जुटने लगी थी। 100 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया, जिसमें भैरुंदा, बुधनी, आष्टा, इछावर, श्यामपुर, सीहोर, दोराहा, अहमदपुर, जावर, मेहतवाड़ा, बिलकिसगंज सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 15 वर्ष तक की आयु वाले खिलाड़ी शामिल हुए। प्रारंभिक चयन के बाद दूसरे चरण में 30 खिलाड़ियों को अभ्यास और चयन प्रक्रिया के लिए शामिल किया गया।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कल मनेगा

सीहोर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत 6 अक्टूबर को जिले में बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए निर्धारित आयु वर्ग के अनुसार कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं संबंधित मैदानी अमले के माध्यम से पात्र बच्चों एवं किशोर-किशोरियों तक कृमिनाशक दवा पहुंचाने एवं सेवन कराने की व्यवस्था की गई है। अभियान का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाना, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करना तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास को बेहतर बनाना है। विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों सहित निर्धारित स्थानों पर बच्चों को स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार दवा खिलाई जाएगी। जो बच्चे 6 अक्टूबर को दवा लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें निर्धारित मॉप-अप दिवस पर कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा।

स्टार्स स्कीम के तहत 31 ग्रामीण विद्यार्थियों को भी मिली डिग्री

वीआईटी यूनिवर्सिटी का 7वां वार्षिक कन्वोकेशन संपन्न, 3,571 ग्रेजुएट्स को वितरित की डिग्रियां

पूर्व चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी चीफ गेस्ट और इन - स्पेस के प्रमोशनल डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी का 7वां वार्षिक कन्वोकेशन शनिवार को उत्साह और गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक संकाय के कुल 3 हजार 571 ग्रेजुएट्स को डिग्रियां प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

समारोह में पूर्व चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ, इंडियन आर्मी और 'ऑपरेशन सिंदूर' के आर्किटेक्ट रिटायर्ड जनरल उपेंद्र द्विवेदी चीफ गेस्ट के रूप में शामिल हुए। वहीं, इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर (इन - स्पेस), डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के प्रमोशन डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट मिस कादंबरी एस. विश्वनाथन, ट्रस्टी मिस रमणी बालासुंदरम, वाइस चांसलर प्रो. सतीश कुमार मोढ़, रजिस्ट्रार डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्रा एवं प्रो वाइस-चांसलर डॉ. टी. बी. श्रीधरन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्वता और शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपराओं की प्रतीक स्वरूप शैक्षणिक जुलूस के साथ हुई । इस मौके पर भारतीय सेना की ई एम ई कोर का ब्रास बैंड आगे आगे कर्णप्रिय धुन बजाता चल रहा था । यह जुलूस ऑडिटोरियम में पहुँचा। दीक्षांत समारोह में अलग-अलग विषयों के 3 हजार 571 ग्रेजुएट्स को डिग्रियाँ दी गईं, जिनमें 3 हजार 62 बी टेक, 72 एम टेक ., 156 इंटीग्रेटेड एम टेक ., 30 एमबीए , 142 एमसीए , 48 बीबीए , 3 बी आर्क, 12 बीएससी , 8 एमएससी ग्रेजुएट्स और 38 पीएचडी स्टूडेंट्स शामिल थे।

इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा, "क्वालिटी हायर एजुकेशन व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों को उन्नति के शिखर पर ले जा सकती है। वीआईटी की स्टार्स पहल 2008 से 100% स्कॉलरशिप, बोर्डिंग, हेल्थकेयर, मेंटरिंग और प्लेसमेंट सपोर्ट के जरिए ग्रामीण सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स की मदद कर रही है, जो शिक्षा की बदलाव लाने वाली ताकत को दर्शाती है। इस अनुभव के आधार पर, वीआईटी मध्य प्रदेश में क्वालिटी हायर एजुकेशन तक पहुंच का विस्तार करने, विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित समुदायों के लिए, और शिक्षा से रोजगार के लिए मजबूत रास्ते बनाने में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। चीफ गेस्ट के रूप में सभा को संबोधित करते हुए इंडियन आर्मी के पूर्व चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ और 'ऑपरेशन सिंदूर' के आर्किटेक्ट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, "जैसे ही आप अवसरों और जिम्मेदारियों की दुनिया में कदम रखते हैं, याद रखें कि लीडरशिप सिर्फ किसी स्थिति से अभिव्यक्त नहीं होती, बल्कि यह विश्वास को अर्जित करने, जिम्मेदारियों को लेने और सही फैसले लेने की योग्यता से बनती है। साथ ही उतार चढ़ाव भरे जीवन में अनिश्चितता और असफलताओं (सेटबैक्स) के पल भी आएंगे । लेकिन दृढ़ता के साथ सामना करें और उनसे सीखें। आपकी नॉलेज और स्किल्स न केवल सफल करियर बनाने के टूल्स हैं, बल्कि तीन पिलर्स - एटीट्यूड , एबिलिटी और एडेप्टेबिलिटी के जरिए हमारे समाज और राष्ट्र की प्रगति में उत्कृष्टम योगदान देने के माध्यम भी हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप जो भी करें, उसमें अनुशासन, साहस, करुणा और कमिटमेंट के मूल्यों को आगे बढ़ाएं और ऐसे लीडर बनें जो दूसरों के लिए मिसाल बनें। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में ग्रेजुएटिंग स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए इन - स्पेस के प्रमोशनल डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार ने कहा, आपमें से प्रत्येक के लिए आगे के सफर में असीमित संभावनाएं हैं। रास्ता और मंजिल आपके हाथों में है! आप असंभव सपने देख सकते हैं । आपको कभी भी अपने जीवन में आई क्षणिक असफलता को अपने जीवन सफर में प्रभावित नहीं होने देना चाहिए । सबसे सार्थक सफलता वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को सुलझाने और लोगों व समाज में बदलाव लाने के लिए अपनी नॉलेज और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने में होगी। जैसे ही आप अपने अगले कदम बढ़ाते हैं, अपने जीवन लक्ष्य में एम्बिशियस बनें, अपने कार्यों को अंतिम परिणाम में तब्दील करने तक जुटे रहें और चुनौतियों के सामने डटे रहे ।

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट मिस कादंबरी एस. विश्वनाथन ने कहा, वीआईटी भोपाल का 7वां कन्वोकेशन 3हजार 571 ग्रेजुएटिंग स्टूडेंट्स का जश्न मनाता है, जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्टूडेंट्स ने प्लेसमेंट हासिल किया है। हाईएस्ट पैकेज 70 लाख रुपए पर एनम तक पहुंचा है और 700 से अधिक स्टूडेंट्स को 'ड्रीम' और 'सुपर ड्रीम' ऑफर्स मिले हैं। यही नहीं 2026 तक 2 लाख से अधिक एलुमनाई के वीआईटी परिवार में शामिल हुए है, जो एक्सीलेंस और इनोवेशन की विरासत को आगे बढ़ा रहा है।

कन्वोकेशन में शैक्षणिक योग्यताओं को सम्मानित किया गया है , जिसमें विभिन्न प्रोग्राम्स के 21 मेरिटोरियस स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल मिले। अवॉर्ड पाने वालों में एम.टेक., एम.सी.ए., एम.बी.ए., इंटीग्रेटेड एम.टेक., बी.टेक., बी.बी.ए. और बी.आर्क. प्रोग्राम्स के स्टूडेंट्स शामिल थे, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इसकी स्पेशलाइजेशन्स, वीएलएसआई डिजाइन, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, बायो इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और इसकी स्पेशलाइजेशन जैसे डिसिप्लिन्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। कन्वोकेशन में यूनिवर्सिटी की स्टार्स स्कीम के तहत ग्रेजुएट होने वाले 31 स्टूडेंट्स को भी सम्मानित किया गया। यह स्कीम मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों के चयनित डिस्ट्रिक्ट टॉपर्स को पूरी तरह से निशुल्क टेक्नीकल हायर एजुकेशन प्रदान करती है, जिसमें शिक्षा , आवास और भोजन शामिल हैं। दीक्षांत समारोह का समापन जश्न के माहौल में हुआ। जिसमें ग्रेजुएट्स और उनके परिवार इस महत्वपूर्ण पड़ाव को उत्साह के वातावरण में खुशियां बांटने के लिए एक साथ आए। जैसे ही ग्रेजुएट्स नई जर्नी पर निकल रहे हैं, वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी उनकी आकांक्षाओं को अवसर के पंख लगाकर उन्हें आगे बढ़ा रहा है । यही नहीं अपने बढ़ते एलुमनाई कम्युनिटी के साथ एक मजबूत और स्थायी संबंध को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत संकल्प वृद्धाश्रम में किया गया वृद्धजनों का सम्मान

बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, इनकी सेवा ईश्वर की सेवा है : आलोक शर्मा





सीहोर। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्य एवं कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को संकल्प वृद्धाश्रम, सीहोर में वृद्धजनों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वृद्धजनों का पुष्पाहार पहनाकर व उपहार भेंट कर सांसद आलोक शर्मा द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भोपाल सांसद आलोक शर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में भोपाल की दिव्यांग गायिका फाल्गुनी पाठक ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति दी। इसके बाद भोपाल की नाट्य मंडली द्वारा सामाजिक संदेश पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि हमारे माता-पिता अपने जीवन में अनेक कठिनाइयां सहकर हमारा पालन-पोषण करते हैं। इसलिए हमारा भी दायित्व है कि हम उनके प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करें। उन्होंने कहा कि भारत में जब संयुक्त परिवार की परंपरा मजबूत थी, तब वृद्धाश्रमों की आवश्यकता नहीं होती थी, लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव और संयुक्त परिवारों के विघटन के कारण वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ रही है।

आलोक शर्मा ने कहा कि माता-पिता, दादा-दादी और नाना-नानी हमारे परिवार और समाज की धरोहर हैं। उनका सम्मान और सेवा करना हमारा कर्तव्य है। ये हमारे ऊपर कोई बोझ नहीं, बल्कि ईश्वर का ऐसा आशीर्वाद हैं, जिसकी सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि हम सभी आज से यह संकल्प लें कि वृद्धाश्रम में रहने वाले इन वृद्धजनों को अपने परिवार का हिस्सा मानकर उनकी सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने जन्मदिन एवं अन्य अवसरों पर अनावश्यक बैनर-पोस्टर लगाने के बजाय इन वृद्धजनों की सेवा को प्राथमिकता दें तथा उन्हें जिन वस्तुओं की आवश्यकता हो, उनकी पूर्ति में सहयोग करें।

कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं विधायक सुदेश राय ने भी संबोधित किया। संकल्प वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता सन्नी महाजन, सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता, सुरेंद्र मेवाड़ा, रवि नागले, प्रितेश राठौर, सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा- आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का मौके पर हुआ निराकरण

सेवा सेतु अभियान के तहत नगर पालिका में लगा बहुविभागीय शिविर

सीहोर। नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत आपकी सरकार आपके द्वार के उद्देश्य से बहुविभागीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा अनेक समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।



शिविर में सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मूल शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा शिविर लगाए गए। नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने एवं विभागीय समस्याओं के समाधान की कार्रवाई की गई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सरकार की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से आपकी सरकार आपके द्वार जैसी पहल के माध्यम से विभिन्न विभागों को एक ही स्थान पर लाकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सेवा सेतु अभियान शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि शहर के नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले। विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में नागरिकों की समस्याओं का समाधान होने से उन्हें काफी सुविधा मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों और समस्याओं पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए पात्र लोगों को समय-सीमा में लाभ पहुंचाया जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमओ सुधीर सिंह, श्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं पार्षदों में मुख्य रूप से नरेंद्र राजपूत, कमलेश राठौर, मांगीलाल मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में शहर के नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

अखिल भारतीय क्षत्रिय राठौर महासभा का राष्ट्रीय शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

हर्षा-सुरेंद्र सिंह राठौर को राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व मिलने पर समाजजनों में हर्ष

सीहोर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अखिल भारतीय क्षत्रिय राठौर महासभा का राष्ट्रीय शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में महासभा के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने समाज सेवा, संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता एवं समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली।



समारोह के दौरान एल्डर मेन हर्षा-सुरेंद्र सिंह राठौर को अखिल भारतीय क्षत्रिय राठौर महासभा में राष्ट्रीय मंत्री पद का दायित्व सौंपा गया। उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर सीहोर सहित क्षेत्र के राठौर समाजजनों में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। समाजजनों ने उनके मनोनयन पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं सक्रिय भूमिका से संगठन को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रतन सिंह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीलाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास राठौर, राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र भदौरिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा संजय राठौर, सर्वोच्च समिति सदस्य पवन राठौर, पार्षद मनोज राठौर सहित महासभा के विभिन्न पदाधिकारी एवं समाजजन मौजूद रहे।

इस अवसर पर समाज की एकता, संगठन के विस्तार, युवाओं को आगे बढ़ाने, शिक्षा के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता तथा जरूरतमंद समाजजनों के सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने समाजहित में सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

महासभा का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में पिरोकर आपसी भाईचारे, सहयोग और सम्मान की भावना को मजबूत करना है। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन की मजबूती और समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से सामाजिक विकास को नई दिशा दी जा सकती है। सामूहिक प्रयासों के माध्यम से युवाओं को शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर अवसर तैयार किए जाएंगे।

राष्ट्रीय शपथ ग्रहण समारोह ने समाज के प्रति जिम्मेदारी, कर्तव्यनिष्ठा और संगठनात्मक एकता का संदेश दिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई गई कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समाज की सेवा और संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

गांधी जयंती पर तहसील में सफाई, अस्पताल में कचरे का अंबार

गंदगी ने खोली स्वच्छता अभियान की पोल बायोमेडिकल वेस्ट का नहीं हो रहा निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

गांधी जयंती पर स्वच्छता का संदेश देने के लिए प्रशासनिक अमला तहसील कार्यालय परिसर में झाड़ू लगाता नजर आया, लेकिन तहसील से चंद कदमों की दूरी पर स्थित सिविल अस्पताल में फैली गंदगी जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है।

एक ओर स्वच्छता अभियान के जरिए साफ-सफाई का संदेश दिया गया, वहीं दूसरी ओर अस्पताल परिसर में कई दिनों से जमा कचरे का ढेर व्यवस्था की हकीकत बयां करता नजर आया जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल परिसर में कई दिनों से कचरा जमा होने की स्थिति बनी हुई है।

अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं ऐसे में परिसर में लंबे समय तक कचरा जमा रहना मरीजों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य के लिहाज से चिंता का विषय है अस्पताल जैसे संवेदनशील



संस्थान में नियमित सफाई और कचरे का समय पर निस्तारण होना आवश्यक है,लेकिन मौजूदा स्थिति इन व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने तहसील कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

इसके बावजूद पड़ोस में स्थित सिविल अस्पताल परिसर में जमा कचरे की समस्या सामने आना अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठाता है सवाल यह भी है कि जब प्रशासनिक अमला स्वच्छता का संदेश दे रहा था,तब अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान क्यों नहीं दिया गया सिविल अस्पताल की सफाई व्यवस्था को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। अस्पताल परिसर में कचरा जमा होने के अलावा खुले में कथित तौर पर बायोमेडिकल वेस्ट मिलने की शिकायतें भी सामने आई थीं। यदि मेडिकल अपशिष्ट का निर्धारित नियमों के अनुसार निस्तारण नहीं किया जा रहा है,तो यह मामला केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं रहता,बल्कि इससे मरीजों,अस्पताल कर्मचारियों और आसपास के लोगों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है अस्पताल प्रबंधन की जवाबदेही तय करने की जरूरत गांधी जयंती पर चलाए गए स्वच्छता अभियान के बीच अस्पताल परिसर में गंदगी की स्थिति ने जिम्मेदार विभागों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अब जरूरत है कि अस्पताल परिसर की तत्काल सफाई कराई जाए और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण की भी निगरानी की जाए साथ ही संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वच्छता अभियान केवल विशेष अवसरों तक सीमित न रहे,बल्कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर प्रतिदिन साफ-सफाई बनी रहे।

अस्पताल, आंगनबाड़ी का निरीक्षण

कलेक्टर ने अधीनस्थों को प्रदान किए आवश्यक दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संवासी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उप स्वास्थ्य केंद्र में ईएनसी पंजीयन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध आवश्यक दवाइयों, जांच सुविधाओं, साफ-सफाई तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने तथा अभिलेखों का नियमित रूप से संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, केंद्र की व्यवस्थाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं को शासन की योजनाओं और सेवाओं का प्रभावी लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप शासकीय सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच सुनिश्चित करते हुए आमजन की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

मुखबिर की सूचना पर बनाई विशेष टीम ने की कार्रवाई, पुलिस की बड़ी

उड़ीसा से हरियाणा ले जाया जा रहा 50 किलो अवैध गांजा पकड़ाया, 11 लाख का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



कोतवाली पुलिस के खाते में फिर एक बड़ी सफलता दर्ज हुई है। मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर की गई घेराबंदी में एक व्यक्ति की कार से 50 किलो गांजे की खेप पकड़ाई है। दिल्ली के व्यक्ति द्वारा इस अवैध गांजे को उड़ीसा से हरियाणा ले जाया जा रहा था लेकिन कोतवाली पुलिस ने उसे राजगढ़ में धर-दबोचा। टीआई मंजू मखेनिया ने बताया कि आरोपी के कब्जे से गांजा परिवहन में प्रयुक्त कार सहित कुल 11 लाख रुपए कीमत का मशरुका जब्त किया गया है।

मुखबिर की सूचना पर बनाई गई विशेष टीम

थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की मारुति सुजुकी कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ब्यावरा से राजगढ़ की ओर आ रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया द्वारा पुलिस टीम गठित कर दण्ड जोड़ के पास रवाना किया गया, जहां पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग प्रारंभ की गई। कुछ समय पश्चात मुखबिर द्वारा बताए हुलिए एवं वाहन के अनुसार सफेद रंग की उक्त कार राजगढ़ की ओर आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर कार चालक द्वारा वाहन रोककर गेट खोलकर भागने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं प्रभावी घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

कार की डिक्की में छिपा रखा था माल

पुलिस टीम द्वारा उक्त कार की विधिवत तलाशी लेने पर कार की डिक्की एवं सीट के पीछे रखे कट्टों से कुल 50.860 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख है। साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त सफेद रंग की मारुति सुजुकी को भी जब्त कर लिया गया। इस प्रकार कुल 11 लाख का माल जब्ती में लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

साउथ दिल्ली के निवासी है आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत एवं उसके परिवहन से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी भीमसिंह पिता रेशमपाल जाति ढीमर, उम्र 40 वर्ष साउथ दिल्ली का निवासी है। यह माल आरोपी भीमसिंह ने उड़ीसा से किससे खरीदा और हरियाणा में किसे सप्लाई करने जा रहा था, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। माल को पकड़ने बनाई गई विशेष टीम में टीआई मखेनिया सहित आरआई दीपक रघुवंशी, जीतेंद्र अजनारे, प्रवीण जाट, शादाब खान, ललित सौंधिया, प्रवीण यादव, रवि मौर्य, सुभाष द्विवेदी, विकास राठौर, नरेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश अहिरवार, मोईन खान, आरक्षक मोहित परमार, रवींद्र जाट, अर्जुन भील, मुकेश मीणा शामिल रहे।

जन समस्या निवारण शिविर

शिविर में उठी समस्या, 10 साल से नहीं है माना गांव का राजस्व नक्शा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

समीपस्थ ग्राम माना में शनिवार को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जनपद स्तरीय 'सेवा सेतु अभियान आपकी सरकार आपके द्वार' जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन परिसर में किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों और क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के समक्ष रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में ग्राम माना के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब 10 वर्षों से गांव का राजस्व नक्शा उपलब्ध नहीं होने के कारण सीमांकन और भूमि संबंधी विवादों में परेशानी आ रही है। इस पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि नए राजस्व नक्शे को लेकर कार्रवाई जारी है।

इसी तरह ग्राम माना में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन परिसर में लगे ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने की समस्या ग्रामीणों ने रखी। वहीं ग्राम पीलूखेड़ी में 33 केवी विद्युत लाइन की ऊंचाई कम होने से दुर्घटना की आशंका की शिकायत सामने आई। विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को दोनों मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन से संबंधित समस्याएं भी ग्रामीणों ने रखीं। विधायक ने जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अर्जरिया को हितग्राहियों के नाम दर्ज कर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

समस्याओं का तत्काल निराकरण ही शिविर का उद्देश्य

विधायक मोहन शर्मा ने अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर दूर-दूर से शिविर में आते हैं। इसलिए जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए, तभी शिविर लगाने का उद्देश्य सार्थक होगा। उन्होंने विभागवार अधिकारियों से समस्याओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम प्रभारी राधेश्याम पचवारिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई,कैलाश राज, सहित अन्य ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, बीएमओ डॉ. राजेंद्र अहिरवार, सरपंच अरविंद पटेल, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह बना, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, मंडल अध्यक्ष रवि मीणा, महामंत्री गुड्डू जाटव, भंवरलाल कलमोदिया, मोहित चंद्रवंशी, रामेश्वर आचार्य, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, गोपाल राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनोखी लाल कोटिया, सुनील सक्सैना, सरपंच फूल सिंह चैधरी, एल्डरमैन प्रतिनिधि धीरज भावसार, आनंद वर्मा, जितेंद्र सेन, घनश्याम चंद्रवंशी, सोनू कलमोदिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गुटखा पाउच के 200 रुपए मांगने पर विवाद

मारपीट में तीन घायल, बीच-बचाव करने वाला गंभीर, रेफर

सारंगपुर। शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे गोपालपुरा क्षेत्र में गुटखा पाउच के 200 रुपए के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। इनमें बीच-बचाव करने वाले युवक को गंभीर चोट आने पर शाजापुर रेफर किया गया है। जहां से उसे इंदौर रेफर किया।



जानकारी के अनुसार गोपालपुरा निवासी निखिल नायक चाय-पाउच की दुकान संचालित करता है। अनिल पिता कमल नट (30) निवासी राधानगर कॉलोनी, जो मजदूरी करता है, ने पूर्व में निखिल की दुकान से पाउच खरीदा था। निखिल द्वारा इसके 200 रुपए मांगे जाने पर अनिल ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई।विवाद के दौरान अनिल के पिता कमल नट और उसकी बहन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं निखिल के दोस्त आयुष अस्थाना, हेमंत जाटव और श्रीकांत विश्वकर्मा भी वहां मौजूद थे। उन्होंने बीच-बचाव का प्रयास किया। इस दौरान अनिल नट, उसके पिता कमल नट और श्रीकांत विश्वकर्मा घायल हो गए। श्रीकांत को गंभीर चोट लगने पर शाजापुर रेफर किया गया था हालत गंभीर होने पर शाजापुर से इंदौर रेफर किया।जबकि अनिल और कमल का उपचार सारंगपुर सिविल अस्पताल में जारी था।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पचोर पहुंचे अर्बन डेवलपमेंट चीफ इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के चीफ इंजीनियर आनंद सिंह ने पचोर जल प्रदाय योजना के अंतर्गत हेडवर्क, फ्लोटिंग पोंटून साइट एवं समेली ग्राम के समीप एन एच आई क्रॉसिंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान रॉ-वाटर पाइपलाइन बिछाने में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक कठिनाइयों पर स्थल पर ही विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान योजना के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों, विशेषकर रॉ-वाटर पाइपलाइन के शेष कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। आनंद सिंह ने सभी संबंधित पक्षों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने तथा शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पीआईयू भोपाल के परियोजना प्रबंधक सुबोध कुमार जैन सहित परियोजना प्रबंधन सलाहकार एवं कार्य एजेंसी के संविदा कार के प्रतिनिधि उपस्थित



चोर बावड़ी की सफाई की



माचलपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल माचलपुर द्वारा शुक्रवार को नगर की प्राचीन चोर बावड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बावड़ी परिसर में जमा कचरा, गंदगी एवं अन्य अवशेषों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान करीब दो घंटे तक चला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए बावड़ी परिसर की साफ-सफाई की तथा आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ बनाया। अभियान का उद्देश्य ऐतिहासिक एवं सार्वजनिक महत्व के स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के साथ नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।अभियान में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, मंडल भाजपा अध्यक्ष अमिता मंडलोई, सांसद प्रतिनिधि मदन सिंह पटेल, राकेश मारू, मनीष अग्रवाल, सुजान सिंह गुर्जर, शिव गुजराती, गोपाल सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तहसीलदार ने सौंपा प्रमाण-पत्र

विकास खटक बने सुल्तानिया के नए सरपंच



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सुल्तानिया में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना शनिवार को तहसील कार्यालय में संपन्न हुई। मतगणना में विकास खटक ने सर्वाधिक 493 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद तहसीलदार कपिल शर्मा ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित पुलिस बल तहसील कार्यालय में मौजूद रहा। सुल्तानिया पंचायत में पूर्व सरपंच के जिला बदर होने और पद से पृथक किए जाने के बाद सरपंच पद रिक्त हो गया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 सितंबर 2026 को सरपंच पद के लिए आम उपचुनाव कराया गया। चुनाव में कुल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान प्रक्रिया के दौरान कुल 1679 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। शनिवार को तहसील कार्यालय में मतगणना शुरू होने के बाद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी रही। मतगणना में विकास खटक को 493, राजू वर्मा को 416, बने सिंह को 372, दिनेश कुमार बागरी को 139, शिवनारायण को 92, बृजमोहन को 67, ललिता बाई मालवीय को 56 और नारायण को 32 मत प्राप्त हुए। वहीं नोटा में 12 मत पड़े।तहसीलदार कपिल शर्मा ने सरपंच को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

मप्र के 10 संभाग की टीम लेंगी भाग

70वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन मंदसौर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

70वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में व संयोजक केसी सोलंकी प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय के निर्देशन में उत्कृष्ट विद्यालय में बैठक संपन्न हुई। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन मंदसौर में होने जा रहा है।

प्रतियोगिता के संयोजक सोलंकी प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर ने बताया कि प्रतियोगिता 6 से 10 अक्टूबर तक होगी। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 10 संभाग की 10 टीमें भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक समूह की आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में कुल 180 खिलाड़ी और 35 ऑफिशियल भाग लेंगे। प्रतियोगिता में मैच शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल परिसर में एवं टर्फ मैदान एम आई टी चौराहा पर होंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कार्य हेतु 16 समितियों का गठन किया गया है जिसमें संयोजक, सह संयोजक एवं सदस्य नियुक्त किए गए हैं। खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल हेतु आवास की व्यवस्था उत्कृष्ट बालक छात्रावास डाइट परिसर में की गई है। खिलाड़ियों, ऑफिशियल एवं अन्य की जानकारी हेतु शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में कंट्रोल रूम बनाया गया है। मालवा के गौरव के अनुसार टीमों की मेजबानी हो। सभी टीमें आपसी समन्वय के साथ काम करें। खिलाड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पहले से समिति के सभी सदस्यगण, अपने अपने दायित्व का ठीक से निर्वहन करने के लिए कार्य करना शुरू करें। उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य केसी सोलंकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी जीएल जोगचंद और प्राचार्य सुदीप दास द्वारा भी बैठक को संबोधित किया गया।

आर्यरक्षित तीर्थ धाम पर प्रवर्तक धैर्यचन्द्र सागर के भगवती सूत्र के योगोद्वहन प्रवेश के लिए अनुष्ठान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मंदसौर। रविवार को आचार्य अशोक सागर सूरीश्वर म.सा., आचार्य सागरचन्द्र सागरसूरीश्वर की पावन प्रेरणा व निश्रा में श्री जैन भागवती सूत्र के योगोद्वहन प्रवेश का अनुष्ठान-कार्यक्रम आयोजित किया गया। 36 वर्ष पूर्व संयम जीवन ग्रहण करने वाले प्रवर्तक मुनिश्री धैर्यचन्द्र सागर म. सा. जैन भागवती सूत्र शास्त्र जिसमें 36 हजार प्रश्नोत्तर है। उसका वाचन करने की पात्रता प्राप्त करने हेतु निरंतर 6 माह तक आयंबिल तप की आराधना करते हुए प्रतिदिन धार्मिक क्रियाये करेंगे। प्रवर्तक श्री धैर्यचन्द्रसागर म. सा. को उक्त शास्त्र वाचन करने की जैन धर्म व दर्शन में जो पात्रता बतायी है उसे ही योगोद्वहन कहते हैं। कल श्री आर्यरक्षित तीर्थ धाम चन्द्रपुरा में योगोद्वहन का कार्यक्रम 6 जैनाचार्यो एवं जैन साधु-साध्वियों व बड़ी संख्या में उपस्थित श्रावक श्राविकाओं द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के निमित्त पुरे तीर्थ क्षेत्र में रंग बिरंगों रंगों से रंगोली सजायी गयी। प्रवचन मंडप की विशेष साज सज्जा की गयी। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मुकेश खमेसरा ने 21 प्रकार की सब्जियों व फलों से जीव दया रंगोली तैयार की जो कार्यक्रम के आकर्षण का केन्द्र बनी। जैन आचार्य सागरचन्द्र सागर म. सा. ने कहा कि 45 जैन आगमो में भगवती सूत्र सबसे बड़ा आगम (शास्त्र) है। यह शास्त्र प्राकृत व संस्कृत के मेल से बनी अर्द्ध मागधी भाषा में है। इसमें 36 हजार प्रश्न व 36 हजार उनके उत्तर है। जैन धर्म व दर्शन में कोई साधारण गृहस्थ या साधु - साध्वी इस शास्त्र का वाचन नहीं करता है। इस शास्त्र के वाचन के लिये साधु - साध्वी के लिये 6 माह की क्रियाये बतायी है। प्रतिदिन 6 माह तक केवल एक समय समय स्वाद रहित आहार (आम्बिल) करते हुए 6 माह तक धार्मिक क्रियाये करना जरूरी है। तभी उक्त शास्त्र पढ़ने की पात्रता आती है। आज प्रवर्तक धैर्यचन्द्र सागर का इस शास्त्र पढ़ने की पात्रता हेतु प्रवेश हो रहा है। धैर्यचन्द्र सागरजी ने 1990 में पालीताणा गुजरात में संयम जीवन ग्रहण किया था।

मंत्री व कलेक्टर के सामने राजगढ़ के हालातों को बयां किया

शासन-प्रशासन से मांगों के शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण की मांग

माला 150 पेजों की, दर्द 3 साल का, फरियादी ने सिस्टम की पोल खोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

प्रशासनिक फाइलों की धूल से न्याय दबने लगता है तो जनता का विरोध अनोखा रूप ले लेता है। कुछ ऐसा ही हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला सुठालिया के लखनवास में आयोजित जनविश्वास शिविर में। जहाँ आलाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच एक ऐसा फरियादी पहुँचा जिसकी अनोखी माला देखकर जनविश्वास शिविर का पूरा विश्वास ही डगमगा गया। शिविर में ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा के लोधीपुरा निवासी जगदीश लववंशी जब शिविर में दाखिल हुए तो सबकी निगाहें उन पर टिक गईं। गले में न तो फूलों की माला थी और न ही किसी ढोल-नगाड़े का स्वागत। जगदीश के गले में लटक रही थी 150 पेजों के आवेदनों की भारी-भरकम माला यह कोई फैशन स्टेटमेंट नहीं बल्कि पिछले 3 सालों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर बटोरी गई प्रशासनिक लीपापोती की दास्तान थी।



ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा के फर्जीवाड़े की पूरी इनसाइड स्टोरी

मामला कुआँ कूप निर्माण की मजदूरी से जुड़ा है। जगदीश का आरोप है कि 3 साल पहले पंचायत द्वारा मंजूर कूप-निर्माण में सरपंच और सचिव ने बड़ा खेल कर दिया। कागजों पर फर्जी मस्टर और फर्जी मजदूर दिखाकर गरीब जगदीश के हक का पैसा दूसरों के खातों में डलवा दिया गया और बाद में उसे कैश कराकर अपनी जेबें भर ली गईं।जब जगदीश ने इसकी जंग लड़ी तो जिला पंचायत राजगढ़ में मामला चला। तत्कालीन सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की जांच में सरपंच और सचिव खुलेआम दोषी पाए गए।

कार्रवाई के नाम पर ऊंट के मुंह में जीरा

दोष सिद्ध होने के बाद नियम तो यह कहता था कि धारा 40 के तहत सरपंच-सचिव की कुर्सी छीनी जाए और गरीब हितग्राही को उसका हक दिलाया जाए। लेकिन राजगढ़ का मेहरबान सिस्टम देखिए। कार्रवाई के नाम पर महज सरपंच का 3 महीने का मानदेय भत्ता काटकर मामला रफा-दफा कर दिया गया! यानी, घोटाला हजारों-लाखों का और सजा जेब खर्च काटने जितनीचुपचाप बिठाओ इसे और फिर कलेक्टर का एक्शनइसी लीपापोती और जिला पंचायत के दिखावे से त्रस्त होकर जगदीश ने 150 पन्नों की शिकायत की माला बनाई और सीधे मंत्री-कलेक्टर के सामने कूद पड़े। शिविर में जब यह अनोखा फरियादी पहुँचा तो हड़कंप मच गया।मंच पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार राजगढ़ कलेक्टर एसपी जिला पंचायत सीईओ ब्यावरा एसडीएम और सुठालिया तहसीलदार समेत तमाम अमला मौजूद था। 150 पन्नों की माला देखकर पहले तो राज्य मंत्री जी का पारा चढ़ा और उन्होंने पुलिस से तुरंत फरमान जारी किया चुपचाप बिठाओ इसे! पुलिस ने जगदीश को साइड तो कर दिया लेकिन जनता में फुसफुसाहट और मीडिया के कैमरों की हलचल बढ़ चुकी थी। मामला भांपते ही भाषण खत्म होते ही कलेक्टर महोदय ने खुद जगदीश लोधा से ज्ञापन लिया और इस बार कड़ा एक्शन लेने का आश्वासन दिया।अब देखना यह होगा कि 150 पेजों की इस गूंजती माला के बाद राजगढ़ का तंत्र जागेगा या फिर से किसी नए आवेदन की माला बनने का इंतजार करेगा।

इनका कहना है

हमने उसी खातों में पैसे डाले जो सरपंच ने दिया था,
-**पूनमचंद,** सचिव ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा
हमने इस मामले हमारे द्वारा जिला पंचायत स्तर की कार्रवाई कर चुके है अगर इसमें हितग्राही संतुष्ट नहीं तो न्यायालय चला जाए।
-**एक्छित गढ़पाले,** जिला पंचायत सीईओ राजगढ़

सफाई कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का अजाक्स ने धरना स्थल पहुंचकर किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मध्यप्रदेश अजाक्स, जिला इकाई मंदसौर ने राष्ट्रीय वाल्मीकि सेना मार्शल कौम, नगर पालिका परिषद मंदसौर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों एवं संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रस्तुत सफाई कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का पूर्ण समर्थन किया है। अजाक्स जिलाध्यक्ष प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया तथा शासन-प्रशासन से मांग की कि कर्मचारियों की जायज मांगों का नियमानुसार, संवेदनशीलता के साथ एवं समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जाए।

अजाक्स ने प्रमुख रूप से मांग की कि लंबे समय से कार्यरत पात्र दैनिक वेतनभोगी एवं सफाई कर्मचारियों को नियमानुसार स्थायी किया जाए, मृत कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को शीघ्र अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए तथा शहर के बढ़ते विस्तार को देखते हुए आवश्यक संख्या में नए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। संगठन ने सफाई व्यवस्था में संचालित आउटसोर्स, ठेका एवं एनजीओ व्यवस्था को समाप्त करने, कर्मचारियों से निर्धारित 8 घंटे से अधिक कार्य नहीं लेने, अतिरिक्त कार्य एवं अवकाश दिवस पर कार्य के लिए नियमानुसार लाभ देने, बिना उचित कारण एवं सुनवाई के सेवा से पृथक नहीं करने की मांग भी रखी।

इसके साथ ही कर्मचारियों की सेवापुस्तिका एवं मूल अभिलेखों का डिजिटलीकरण, एढऋ एवं संबंधित आईडी/पासवर्ड की जानकारी, प्रतिमाह वेतन पर्ची, समय पर वेतन भुगतान, अद्यतन वरिष्ठता सूची उपलब्ध कराने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सभी पात्र देयकों का समयबद्ध भुगतान करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अजाक्स, जिला इकाई मंदसौर सफाई कर्मचारियों की इन 15 सूत्रीय न्यायोचित मांगों का समर्थन करता है और मांगों के निराकरण के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। समर्थन के दौरान प्रांतीय संयुक्त सचिव जे.पी. अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सूर्यवंशी, जिला सचिव रघुवीर मालवीय, जिला सचिव चैनसिंह जमरा, जिला महासचिव दशरथ सूर्यवंशी, अर्जुनसिंह सूर्यवंशी, गोपाल सुनार्थी, मनोज सूर्यवंशी सहित अजाक्स के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



अ.भा.राष्ट्रीय अध्यक्ष निवास बी की रैली में जिला अध्यक्ष खंगराले

सीहोर। म.प्र.कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव के निर्देशन में जिला कांग्रेस सेवादल देवास द्वारा राष्ट्रपिता महात्मागांधी की जयंती के उपलक्ष्य में भोपाल चौराहा गांधी प्रतिमा मीना बाजार देवास से हजारों की संख्या में सद्भावना संकल्प पदयात्रा रैली निकाली गई, जो कलेक्टर कार्यालय देवास के समक्ष आयोजित स्थल पर पहुंची। जो बाद में सभा के रूप में परिवर्तित हुई। उक्त रैली में कांग्रेस सेवादल जिला सीहोर के अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में जिले से कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष निवास बी.बी.जी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता म.प्र.कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवरी द्वारा की गई तथा विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय पदाधिकारी महेन्द्र जोशी, प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव, जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव गुजराती, यंग ब्रिगेड कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष गज्जु तिवारी, महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संगीता काकरिया थी। उक्त कार्यकम में जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव आरती नरेन्द्र खंगराले, मुबिना बी भोपाल, डॉ.पप्पु भीष्म सिंह ठाकुर, जाहिद खान गुड्डु, महेन्द्र मुंदीखेड़ी, जितेन्द्र सोभाखेड़ी, किशोर पाटीदार, देवकरण मालवीय, सनवर चच्चा, रसीद चच्चा, अरविन्द मेवाड़ा, डॉ.ऐजाज खान, राहुल मेवाड़ा, चैतन ठाकुर, अरविन्द सिंह ठाकुर, रूप सिंह ठाकुर, देवकरण सिंह पौलाया, पप्पु मंसुरी पार्षद जावर, अकबर खाँ आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

गुजरात पैटर्न पर सजेगी माता टेकरी

देवास। नवरात्रि में माता टेकरी रात में रोशनी का खास आकर्षण रहेगी। पहली बार गुजरात के मंदिरों और गरबा पंडालों की तरह टेकरी को सजाया जा रहा है। बड़ी माता मंदिर से पहाड़ी हिस्से और परिक्रमा मार्ग तक अलग-अलग थीम पर लाइटिंग की गई है। रात होते ही पूरी टेकरी रंग-बिरंगी रोशनी से चमकने लगी है। बड़ी माता मंदिर पर खास थीम पर लाइटिंग है, जो मंदिर को खूबसूरत बना रही है। टेकरी के पहाड़ी हिस्से में भी थीम के अनुसार लाइटिंग की गई है।

पुलिस ने संदिग्ध लोगों से की पूछताछ, आज मेवाड़ा समाज निकालेगा कैंडल मार्च

विश्राम की मौत का रहस्य, पुलिस की टीम खंगाल रही सीसीटीवी में सुराग

मृतक विश्राम की मौत एक दिन पहले हुई घटना से जुड़े संदिग्ध लोगों से भी पार्वती पुलिस ने रविवार को थाने में बुलाकर पूछताछ की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





पार्वती थाना अंतगर्त ग्राम छापरी के विश्राम मेवाड़ा की 19 सितंबर को जहरीला पदार्थ खाने स्वागत संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी उसके बाद से मामले में मेवाड़ा राजपूत समाज की एंट्री से मामले में अब पार्वती पुलिस ने भी जांच का दायरा तेजी से बढ़ा दिया है। पुलिस की जांच टीमें जांच में जुटी हैं। आत्महत्या के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए पुलिस ने किला मंदिर के सीसीटीवी केमरो को जांच के दायरे में ले लिया है। मृतक विश्राम की मौत एक दिन पहले हुई घटना से जुड़े संदिग्ध लोगों से भी पार्वती पुलिस ने रविवार को थाने में बुलाकर पूछताछ की है। अब तक मामले में विश्राम मेवाड़ा के परिजनों सहित मृतक जहाँ काम करता था उस दुकान संचालक और 18 सितंबर की घटना से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। लिहाजा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रविवार को 18 सितंबर की घटना से जुड़े सूरज माली के बयान हुए है और बाकी संदिग्ध लोगों के आष्टा से बाहर होने के कारण बयान नहीं हुए है जल्द ही इनके बयान होने के बाद और सीसीटीवी केमरो की रिकॉर्डिंग जांच करने के बाद संभवतः पुलिस अपने अंतिम फैसले पर पहुंच पाएगी।

आपको बता दे की 19 सितंबर को विश्राम मेवाड़ा ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी थी,वही पुलिस ने भी मर्ग कायम कर लिया था लेकिन एक घटना के सप्ताह के बाद भी आत्महत्या का कोई ठोस कारण नजर नहीं आ रहा था ऐसे में मिडिया में मामला आने के बाद एक के बाद एक विश्राम की आत्महत्या करने की परते खुलती गई, जिसमें जानकारी आई की आत्महत्या से एक दिन पहले 18 सितंबर को मृतक विश्राम को किला स्थित जैन मंदिर में महिलाओं के चोरी छिपे विडिओ बनाने के आरोप में पकड़ा गया था और मारपीट भी की गई थी वही 19 सितंबर विश्राम मेवाड़ा का मोबाइल भी छिना गया था जिसके बाद से मृतक का मोबाइल गायब था वही फिर धीरे मामले से जुडी परते सामने आती गई और 29 सितंबर को पुलिस ने मोबाइल भी जब्त कर साइबर में जांच के लिए भेजा है। इधर मेवाड़ा राजपूत समाज के सोमवार को केंडल मार्च के ऐलान के बाद से पार्वती पुलिस पर मामले में कार्यवाही को लेकर दबाव बना हुआ है और संभावित जल्द ही पार्वती पुलिस मामले के निष्कर्ष तक पहुंच सकती है। आपको बता दे की विश्राम बेहद गरीब परिवार से आता था जिसके दो छोटे छोटे बच्चे है ऐसे में मृतक विश्राम के जाने के बाद भरण पोषण पर संकट आ खड़ा हुआ है।

सात दिवसीस श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन



आष्टा। नगर के भोपाल नाका स्थित दरगाह के पास कुशवाहा जागीरदार परिवार द्वारा पितृ तर्पण के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर परिवार की ओर से भोजन प्रसादी एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, रिश्तेदार एवं श्रद्धालु शामिल हुए। समापन दिवस पर व्यास पीठ पर विराजमान सुहागपुर से पधारे कथा वाचक पंडित केदार शर्मा एवं लखन शर्मा का अतिथियों एवं कुशवाहा जागीरदार परिवार के सदस्यों द्वारा पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया। इसके साथ ही श्रीमद् भागवत पोथी एवं ग्रंथ की विधिवत पूजन-अर्चना कर आरती की गई।

इस अवसर पर कुशवाहा जागीरदार परिवार के प्रमुख कुंवर जीलाल कुशवाह, भेरूलाल कुशवाह, मिश्रीलाल कुशवाह, श्यामलाल कुशवाह, दिनेश कुशवाह, रितिक कुशवाह एवं राज कुशवाह सहित परिवार के सदस्यों का पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। सीहोर लव-कुश जयंती अध्यक्ष पटेल बलराम कुशवाहा ने कहा कि भगवान लव-कुश हमारे समाज के गौरव और आदर्श हैं। धार्मिक आयोजन समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा जैसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को धर्म, संस्कार और अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति के लिए सभी को एकजुट होकर सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

सकल हिंदू समाज अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि परिवार और समाज को संस्कार, सद्भाव एवं एकजुटता का संदेश देने का माध्यम है। पितृ तर्पण के अवसर पर भागवत कथा का आयोजन कर कुशवाहा जागीरदार परिवार ने अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ समाज को धर्म एवं संस्कारों से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है।

सेवा सेतु शिविर में हितग्राहियों को मिले योजनाओं के स्वीकृति पत्र, आष्टा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हुआ संपन्न





आष्टा। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद आष्टा द्वारा सेवा सेतु - सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत नगर के सैकड़ों पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति व प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए।

अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना ही शासन की मंशाः विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। 'सेवा सेतु' अभियान के माध्यम से प्रशासन स्वयं जनता के द्वार तक पहुँच रहा है। सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने के बजाय अधिकारियों का एक ही छत के नीचे उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान करना और मौके पर हितलाभ देना सुशासन की सच्ची मिसाल है। हमारी सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नगर के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है परिषदः नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा

नगर पालिका नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने और शासकीय योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आज सैकड़ों नागरिकों को आवास और संबल योजना के तहत अधिकार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। आगे भी ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता रहेगा। नगर के विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए नगर पालिका की टीम सदैव तत्पर है।

विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे मौजूद, मौके पर हुआ आवेदनों का निराकरण

शिविर में नगर पालिका के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों द्वारा प्रस्तुत लंबित आवेदनों एवं नई समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खा, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, राजकुमार मायवीय, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, शेख रईस, अतीक कुरैशी, जाहिद गुड्डू, अनीता कालू भट्ट, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, लता तेजपाल कल्लू मुकाती, पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष कृपालसिंह पटाडा, एल्डरमैन डॉ चंदा वोहरा, अवनिश पिपलोदिया, शिवलाल प्रजापति, तोषनारायण भूतिया, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, तारिक़ मेहमूद, नगीनचंद जैन सहित नपा अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद थे।

नगर परिषद परिसर में आयोजित हुआ संकल्प सेवा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार, 4 अक्टूबर को नगर परिषद कार्यालय परिसर में संकल्प सेवा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी देने के साथ मौके पर ही पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा ने किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से पात्र नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने और लाभ दिलाने में आवश्यक सहयोग करने की बात कही।

स्वास्थ्य जांच के साथ योजनाओं का लाभ

अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 75 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं संबल योजना के तहत 6 हितग्राहियों, स्ट्रीट वेंडर योजना में 8 हितग्राहियों को लाभ दिया गया। भवन प्रमाण पत्र के लिए 7, विद्युत प्रमाण पत्र के लिए 5 तथा समर्पण प्रमाण पत्र के लिए 5 हितग्राहियों को सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 3, निशक्तजन पेंशन योजना में 2 हितग्राहियों तथा स्ट्रीट वेंडर को सोलर पैनल योजना के तहत 1 हितग्राही को लाभान्वित किया गया।

अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

कार्यक्रम में तहसीलदार रामलाल पगारे, परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह ठाकुर, आरआई अमित रावत, वरिष्ठ चिकित्सक बी.के. डोहर, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर प्रेमलता जायसवाल, विद्युत विभाग के जेई अरविंद मंडलोई, श्रम विभाग इंस्पेक्टर अजय शाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद मदन बा, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश चौधरी, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद प्रतिनिधि विजय सिंह, वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद देवकरण बकोरिया सहित नगर परिषद का स्टाफ उपस्थित रहा। नगर परिषद की ओर से नागरिकों से अपील की गई कि वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और अपनी पात्रता के अनुसार संबंधित विभाग से संपर्क कर योजनाओं का लाभ उठाएं।

शिक्षकों ने दिखाई पहल, आपसी सहयोग से कराई स्थायी व्यवस्था

स्कूल के पास लगे खंभे से समस्या का नहीं हुआ समाधान शिक्षकों ने 800 फीट दूर नई डीपी से कराई विद्युत व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकारी विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल संसाधनों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इन संसाधनों के प्रभावी संचालन के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति बेहद आवश्यक है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए शासकीय माध्यमिक शाला कौड़ियाछीतू के प्रधान अध्यापक संजय सक्सेना एवं विद्यालय स्टाफ ने अनुकरणीय पहल करते हुए आपसी सहयोग से विद्यालय में स्थायी विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराई है।

पहले स्कूल के पास था बिजली का खंभा, फिर भी बनी रही समस्या : विद्यालय के पास पूर्व से बिजली का खंभा लगा हुआ था, लेकिन विद्युत व्यवस्था की समस्या के चलते स्कूल में नियमित रूप से बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। पिछले कई दिनों से स्थिति यह थी कि करीब 90 प्रतिशत समय बिजली उपलब्ध नहीं रहती थी। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और विशेष रूप से डिजिटल शिक्षा पर पड़ रहा था।

स्मार्ट क्लास में डिजिटल कंटेंट, वीडियो एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से पढ़ाई के दौरान बिजली चले जाने से शिक्षण गतिविधियों में बार-बार व्यवधान उत्पन्न होता था। विद्यार्थियों और शिक्षकों को बिजली आने का इंतजार करना पड़ता था, जिससे कई बार पूरी कक्षा की गतिविधि प्रभावित हो जाती थी। विद्यालय प्रबंधन द्वारा



समस्या के समाधान के लिए संबंधित स्तर पर लगातार शिकायत एवं प्रयास किए गए, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा था।

800 फीट दूर नई डीपी से लाई गई बिजली : बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित होता देख विद्यालय के प्रधान अध्यापक संजय सक्सेना एवं स्टाफ ने समस्या का स्थायी समाधान करने का निर्णय लिया। इसके लिए विद्यालय से लगभग 800 फीट दूर स्थापित नई डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर) से विद्यालय तक विद्युत लाइन लाने की व्यवस्था की गई। इसके लिए शिक्षकों ने आपसी सहयोग से लगभग ₹8,000 की राशि एकत्रित की और करीब 800 फीट केबल की व्यवस्था करवाई। इस सामूहिक प्रयास के बाद नई डीपी से विद्यालय तक विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। शिक्षकों की इस पहल का उद्देश्य केवल बिजली की समस्या दूर करना नहीं, बल्कि बच्चों की डिजिटल पढ़ाई को नियमित और निर्बाध बनाना था।

बच्चों की पढ़ाई को बनाया सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रधान अध्यापक संजय सक्सेना एवं स्टाफ का मानना है कि विद्यालय में उपलब्ध डिजिटल संसाधनों का पूरा लाभ विद्यार्थियों को तभी मिल सकता है, जब बिजली की व्यवस्था सुचारु हो। इसी सोच के साथ शिक्षकों ने स्वयं आगे आकर समस्या का समाधान करने का निर्णय लिया। अब नई डीपी से विद्युत व्यवस्था जुड़ने के बाद विद्यालय में स्मार्ट क्लास, डिजिटल कंटेंट, वीडियो आधारित शिक्षण, शैक्षणिक प्रस्तुतियों एवं अन्य तकनीकी गतिविधियों के संचालन के साथ- साथ पीने का पानी कक्षों में लगे पंखे लाईट आदि की सुविधा होगी।

इन शिक्षकों ने दिया सहयोग

इस सामूहिक प्रयास में प्रधान अध्यापक संजय सक्सेना के साथ शिक्षक शैलेंद्र सिंह, देवेंद्र चौहान, देवकरण मालवीय, शशिकला पांडे, फूलवती सेन, माधुरी जोशी एवं शशिवाला नामदेव ने सहयोग प्रदान किया। शिक्षकों का कहना है कि विद्यालय केवल भवन और संसाधनों से नहीं चलता, बल्कि सामूहिक सोच, जिम्मेदारी और समर्पण से विद्यालय की तस्वीर बदलती है। यदि किसी समस्या के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तो उसका समाधान करना शिक्षक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए बनी प्रेरणा

प्रधान अध्यापक संजय सक्सेना ने कहा, "हमारा उद्देश्य है कि किसी भी कारण से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। जब बिजली की समस्या के कारण डिजिटल शिक्षा बाधित हो रही थी, तो हमने मिलकर इसका स्थायी समाधान करने का प्रयास किया। स्कूल से करीब 800 फीट दूर नई डीपी से विद्युत व्यवस्था जोड़ने में सभी शिक्षकों ने सहयोग दिया। शिक्षक केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विद्यालय की आवश्यकताओं के समाधान के लिए भी उनकी जिम्मेदारी है। विद्यालय के शिक्षकों की यह पहल सामूहिक जिम्मेदारी, आपसी सहयोग, जनभागीदारी और सकारात्मक सोच का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है। सीमित संसाधनों के बीच शिक्षकों द्वारा स्वयं राशि एकत्र कर बच्चों की पढ़ाई के लिए स्थायी व्यवस्था करना यह दर्शाता है कि जहां इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयास हो, वहां समस्या का समाधान संभव है।

डिजिटल शिक्षा को मिलेगी नई गति : नई डीपी से विद्यालय तक विद्युत व्यवस्था पहुंचने के बाद अब विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से सीखने का अधिक अवसर मिलेगा। शिक्षक विषयों को देखकर, समझकर और तकनीक के माध्यम से अनुभव करते हुए सीखने के अवसर उपलब्ध करा सकेंगे।

स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर बने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें: विधायक



आष्टा। नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि आष्टा में सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों ने रंगोली बनाई। विद्यालय प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि रंगोली का थीम स्वदेशी और विकसित भारत हैं। प्राचार्य ने कहा कि रंगोली के माध्यम से बहुत ही सुंदर और प्रभावी तरीके से स्वदेशी से समृद्धि और आत्मनिर्भरता से विकसित भारत की कल्पना को विद्यार्थियों ने रंगो के माध्यम से उकेरा। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनि विशाल चैरसिया, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रितू आनंद जैन, एल्डर मेन चंदा वोहरा, वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता नगीनचन्द्र जैन, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नीलेश सक्सेना उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर बन कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आव्हान किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता को सराहा और कहा कि रंगोली के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहन, राष्ट्रीय भावना का विकास और भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश मिलता है। निर्णायकों द्वारा अर्पिता मेवाड़ा के समूह द्वारा बनाई गई रंगोली को प्रथम, अंजली ठाकुर के समूह द्वारा बनाई गई रंगोली को द्वितीय और निशा मालवीय के समूह द्वारा बनाई गई रंगोली को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतीश वर्मा ने किया और पदमा परमार, अभिलाषा श्रीवादी, पल्लवी वर्मा, कृतिका वर्मा, वंदना सोलंकी, निकिता शर्मा, सम्राट ढोके, जितेन्द्र मेवाड़े, राजीव सारसिया, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर आदि ने सहयोग प्रदान किया।